एशियन यूथ एवं जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

चर्चा में क्यों?

17 से 31 अगस्त, 2021 को **दुबई (यूएई) में आयोजित एशियन यूथ एवं जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने** शानदार प्रदर्शन करते हुए **स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक** जीता।

प्रमुख बिंदु

- इस बॉक्सिंग प्रतियोगिता में **पंचकुला की प्रांजल ने अंडर 17 कैटेगरी के 70 से 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक** जीता है।
- **कैथल की कीर्ति ढुल ने 81 प्लस किलोग्राम भार में गोल्ड, संजना ने 81 किलोग्राम भार में रजत तथा लासू यादव ने कांस्य पदक** जीता है।
- ओलंपिक 2028 के लिये खेल मंत्रालय ने '**वन स्टेट, वन गेम**' योजना के तहत चुने गए 5 राज्यों में हरियाणा को भी शामिल किया है।
- उल्लेखनीय है कि एशियन यूथ एवं जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन **अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी संघ** द्वारा किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/superb-performance-of-haryana-players-in-asian-youth-and-junior-boxing-championship